>

Title: Need to include irrigation projects in Madhya Pradesh as National Projects.

श्री गणेश सिंह (सतना): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं।

महोदय, भारत सरकार ने एक योजना शुरू की है कि राज्यों में जो सिंचाई योजनाएं चल रही हैं, उनको राष्ट्रीय परियोजना में शामिल किया जाएगा। बरगी बांध परियोजना मध्य प्रदेश की एक बहुत महत्वपूर्ण परियोजना है। उसकी दांयी तट की नहर जबलपुर, कटनी, रीवा और सतना, इन चार जिलों के 245010 हे0 के बहुत बड़े भू-भाग को सिंचित करने का काम करेगी। लेकिन पैसे के अभाव में इस योजना का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। मध्य प्रदेश सरकार ने उन सभी मापदंडों को पूरा करते हुए, उस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने के लिए भारत सरकार के पास भेजा है। पिछली बार भी मैंने इस मामले को उठाया था, तत्कालीन जल संसाधन मंत्री श्री पवन बंसल जी से भी मुलाकात की थी। नेता प्रतिपक्ष श्रीमती सुषमा स्वराज ने भी उनसे सिफारिश की । यह मामला कैबिनेट के पास विचाराधीन है। वित्त मंत्रालय में सचिव श्रीमती सुषमा नाथ से भी मैं मिला था, उन्होंने बताया कि यह मामला कैबिनेट में हमारे यहां से जा रहा है वही विचाराधीन है।

महोदय, आपके माध्यम से मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि उक्त परियोजना मध्य प्रदेश की जीवनदायिनी परियोजना है, इसे राष्ट्रीय परियोजना में शामिल किया जाए और उसको तत्काल स्वीकृति दी जाए ताकि उस इलाके के 1450 गांवों के किसानों को सिंचाई का पानी दिया जा सके और उस इलाके की गरीबी दूर करने में वह सहायक हो सके।